CCPS CENTER FOR CHEMICAL PROCESS SAFETY 20 YEARS
An AIChE Industry Technology Alliance

# क्रियाओं में बचाव का आकाशद्वीप

http: //www.aiche.org/ccps/safetybeacon.htm

कार्य में लिप्त व्यक्तियों के लिए एक संदेश

Sponsored by CCPS Supporters

दिसम्बर 2005



## प्रारम्भिक खतरे

प्लॉट को शुरु करने के समय बहुत से रासायनिक कारखानों में गलतियाँ हुई जिनके कारण भारी नुकसान हुआ। ऐसी अधिकत्तर घटनाओं में साधारण से अधिक सावधानी की आवश्यकता थी जो बरती न गई थी।शट–डाऊन या लंबी मरम्मत के बाद प्लॉट को पुनः आरम्भ करने के लिए कुछ सामान्य सावधानियाँ बरती जाती हैं और ऐसे में इसे जरुरत है एक अनुभवी टीम और अधिक जिम्मेदारी की। ऐसे समय में फीड टैंक का खाली होना, मानव चलित वॉल्व का गलत दिशा में होना, नया या परिवर्तित उपकरण, नया स्टाफ, इत्यादि सभी दुर्घटना को न्यौता दे सकते हैं। लम्बे समय तक बन्द रहने के बाद, प्लाँट चालू करने का दबाव अधिकारी व कर्मचारियों दोनों पर ही रहता है।थका हुआ स्टाफ ऐसे में चाहकर भी पूर्ण चौकन्ना नहीं रह पाता। बहुत से स्वचलित कारखानों में भी री–र्स्टाट के दौरान मानवीय कार्य आवश्यक होता है। लगातार चलने वाले कारखानों में शट–डाऊन के बाद चालू करने की कला की कमी होती है जो नुकसान देय सिद्ध हो सकती है।

## क्या आप जानते हैं?

- ‘अमरीकी रसायन सुरक्षा एवं खतरा जांच बोर्ड’ द्वारा 1998 से अब तक जाँची गई 38 बड़ी दुर्घटनाओं में से 3 प्लाँट पुनः चालू करने के दौरान हुई थी।
- इन 3 दुर्घटनाओं में 22 लोग मारे गये और 170 घायल हुये।
- इसी प्रकार की कुछ अन्य बड़ी घटनाओं से मुख्य बिजली भी घुल हो गई।
- चूँकि ‘स्टार्ट–अप’ बहुत ही कम होते हैं, अतः ऐसे में लोगों की पुनः ट्रेनिंग आवश्यक हो जाती है।



**PSID के सदस्य मुफ्त खोज के लिए देखें: ‘स्टार्ट–अप’**

## आप क्या कर सकते हैं

- पूर्ण, उचित व लिखित दिशा निर्देश तथा चैक लिस्ट को पढ़ें, समझें।
- किसी भी विधि को बदलने से पूर्व, ‘बदलावी प्रबन्धन’ को ठीक से समझें।
- कोई भी प्रश्न पूछने में न हिचकिचाएँ।
- संबंधित व्यक्ति से पूछकर इस बात की तसल्ली कर लें कि शट–डाऊन/मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है और प्लाँट चालू किया जा सकता है।
- उपकरण को सुरक्षा दृष्टि से पहले जांच लें और इसके लिए चैकलिस्ट/अनुभवी लोगों का सहारा लें।
- ध्यान रखें कि सभी वाल्व अपनी उचित दिशा में हैं।
- प्लाँट की गतिविधियों और नियन्त्रण कक्ष के बीच उचित संपर्क बनाए रखें।



**‘पूर्णतया’ की शुरूआत से पहले सुरक्षा जाँच अवश्य करें!**

AIChE© 2005, सभी अधिकार सुरक्षित। पुनः ब्रिक्री निषेध है। अव्यवसायिक व शिक्षा कारणों के लिए पुनः जारी करें। लिखें या बात करें: ccps_beacon@aiche.org ; 212-591-7319

यह आकाशद्वीप साधारणतया अंग्रेजी, जर्मन, स्पैनिश, फ्रैंच, पुर्तगाली, डच, हिन्दी, अरबी, हैब्रियू, इटालियन एवं चीनी में उपलब्ध होता है। अधिक जानकारी के लिए लिखें – ccps_beacon@aiche.org

This document has been translated with the help of Cholamandalam MS Risk Services Ltd., India. :-www.cholarisk.com.